## समाचार

# 15 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 14 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट मंगलवार 15 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 मार्च मंगलवार को वार्ड क्र. 01 पटेलपारा मिशन चर्च के पास, वार्ड क्र. 10 सीतामणी  हटरी के पास, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर आरामशीन नुरी मस्जिद के पास, वार्ड क्र. 33 रामपुर सामुदायिक भवन के पास आंगनबाड़ी क्र. 01 के सामने, वार्ड क्र. 40 परसाभांठा नेहरूनगर पार्षद घर के पास स्टेज मंच, वार्ड क्र. 48 इंदिरा नगर आशीष अग्रवाल घर के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला नगर जरहा जेल पुराना बरहमपुर स्टेज के पास, वार्ड क्र. 63 मोंगरा भीमसेनिहा मंदिर सामुदायिक भवन के पास कैम्प लगाए जाएंगे।